**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**12.09.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे**

**केन्द्रीय शिक्षा मंत्री**

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन–2026 में आयोजित भारत इनोवेट्स प्रदर्शनी का उद्देश्य उच्च शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों में विकसित नवाचारों को दुनिया तक पहुंचाना है। सोशल मीडिया पर आज एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में आए सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत करना देश के लिए गर्व की बात है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की नवाचार व्यवस्था तेजी से विकसित हुई है।

**राजेश धर्माणी**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि प्रदेश के युवाओं और पर्यटन को जापान से जोड़ने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वे टोक्यो स्थित भारतीय दूतावास में उपमिशन प्रमुख आर. मधुसूदन से भेंट के दौरान बोल रहे थे। राजेश धर्माणी इन दिनों प्रदेश के इंजीनियरिंग छात्रों के साथ जापान दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को जापान की तकनीकी दक्षता, कौशल विकास और नवाचार से जोड़ने पर उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, प्रशिक्षण और रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

**रोहित ठाकुर**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों की ट्रांसफर पॉलसी बनाना और उनका निश्चित कार्यकाल तय करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षक कार्यकाल तय नहीं होगा तब तक शिक्षा व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं लाए जा सकते। उन्होंने कहा कि हिमाचल में शिक्षक छात्र अनुपात देश में बेहतर है औसतन 10 छात्रों में एक शिक्षक है जबकि लाहौल स्पीति यह अनुपात तीन अनुपात एक है।

**राजनाथ–गुरू ग्रंथ साहिब**

केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर सिख समुदाय के लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी की शिक्षाएं मानवता को सत्य, सेवा, समानता, करुणा और सद्भाव की राह दिखाती हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि गुरू ग्रंथ साहिब का संदेश लोगों को आपसी सद्भाव, सम्मान और भाईचारे की भावना के साथ समाज और राष्ट्र की सेवा करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह

पवित्र अवसर सभी के जीवन में शांति, सुख व समृद्धि लाएगा और मानव कल्याण के प्रति संकल्प को और मजबूत करेगा।

## किसान मानधन योजना

प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना के आज सात वर्ष पूरे हो गए हैं। यह योजना वर्ष 2019 में आज ही के दिन शुरू की गई थी। अधिक ब्यौरे के साथ ये रिपोर्ट .............

*प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरी है। वर्ष 2019 में शुरू की गई इस योजना के अंतर्गत फरवरी 2026 तक देश भर में 24लाख 96 हजार से अधिक किसान पंजीकृत हो चुके हैं। इनमें हरियाणा राज्य करीब 5 लाख 75 हजार पंजीकरण के साथ पहले स्थान पर है, जबकि बिहार में 3 लाख 46 हजार से अधिक किसान इस योजना से जुड़ चुके हैं। फरवरी 2026 तक इस योजना के कार्यान्वयन और इसकी पहुंच बढ़ाने पर 5 सौ 40 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना का उद्देश्य किसानों को वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित कराना है, जो देश की खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।*

## लोक अदालत

प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के लम्बित मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाता है। इस दौरान उन मामलों का निपटारा भी करवाया जा सकता है जो अभी तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं।

## मौसम

प्रदेश में मॉनसून सक्रिय बना हुआ है। इसके प्रभाव से कई क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी है। बीती रात भी विभिन्न जिलों में वर्षा हुई है। राजधानी शिमला व इसके आसपास के कुछ क्षेत्रों में दोपहर के समय मूसलाधार वर्षा हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान भी कुछ स्थानों पर वर्षा की सम्भावना जताई है।

———————————————